CMYK

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 159 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार ,27 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# सरदार पटेल की विरासत पर सीएम भजनलाल का बड़ा बयान -आजादी में एक ही परिवार का गुणगान होता रहा, असली योगदान भुला दिया गया'

## यमुना प्रवाह यात्रा के समारोह में बोले पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी, आज मोदी सरकार पूरा सम्मान दे रही है

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**





अमर जवान ज्योति से सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च और यमुना प्रवाह यात्रा के तहत आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य पर बड़े बयान दिए। कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने स्पष्ट कहा कि आजादी के बाद दशकों तक सरदार पटेल जैसे महापुरुषों के योगदान को इतिहास के पन्नों से मिटाने का काम हुआ और सिर्फ एक ही परिवार को महिमामंडित किया जाता रहा।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा सरदार पटेल देश की आत्मा, पर इतिहास से मिटाने की कोशिश हुई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत की एकता और अखंडता के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया, उसे पूरी तरह साधा। उनके प्रयासों ने सैकड़ों रियासतों को एक धागे में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। सीएम ने तीखे शब्दों में कहा देश का दुर्भाग्य है कि जिन्होंने राष्ट्र के लिए इतना कुछ किया, उन्हें भुला दिया गया। आजाद भारत के इतिहास में उनके योगदान को दबाने की कोशिश हुई और सिर्फ एक परिवार का योगदान ही बताया गया। शर्मा ने कहा कि समय बदल चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सरदार पटेल की विरासत को नए रूप में पहचान दिला रहा है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जो आज विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

### भजनलाल शर्मा ने कही दो अहम बातें

1. धारा 370 हटाकर पटेल का सपना पूरा हुआ । सीएम ने कहा कि सरदार पटेल का अधूरा सपना ,कश्मीर को पूरी तरह भारत में विलीन करना ,प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया।

शर्मा ने कहा आज भारत पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक एक सूत्र में बंध रहा है।

2. देश तेज़ी से बदल रहा है, दुनिया भारत को उम्मीदों से देख रही है सीएम ने कहा कि 2014 के बाद देश में गरीब कल्याण से लेकर विकास योजनाओं और आतंकवाद-नक्सलवाद के खात्मे तक अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

विश्व पटल पर भारत का सम्मान बढ़ा है और दुनिया के सबसे बड़े लीडर के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयां छू रहा है।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले - जोधपुर रियासत भी स्वतंत्र रहना चाहती थी, पटेल ने भारत में मिलाया कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सरदार पटेल ने साम, दाम, दंड, भेद सहित हर तरीके का उपयोग कर भारत का एकीकरण किया। राठौड़ ने कहा हैदराबाद का निजाम पाकिस्तान में मिलना चाहता था, परंतु पटेल ने निर्णायक कार्रवाई कर उसे भारत में जोड़ा। जोधपुर रियासत भी स्वतंत्र रहना चाहती थी, लेकिन सरदार पटेल ने उसे भारत में मिलाया। तभी आज मैं हिंदुस्तान का हिस्सा हूं-इसका गर्व है।

राठौड़ ने कहा कि पटेल ने टुकड़ों में बंटे देश को एक सूत्र में पिरोकर मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया।

### कार्यक्रम में देशभक्ति का उत्साह, पटेल की विरासत को नमन

समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी ने सरदार पटेल की प्रतिमा और प्रस्तावना को नमन कर 'अखंड भारत' के निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

# मांडलगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पिकअप से 53 लाख मूल्य का 541 किलो डोडाचूरा बरामद, तस्कर फरार



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 53 लाख रुपए मूल्य का 541 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान तस्कर पुलिस को देखते ही मौके से फरार हो गए। पुलिस ने डोडाचूरा सहित पिकअप वाहन को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है और तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के मार्गदर्शन और वृताधिकारी बाबूलाल के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। इसके लिए थाना स्तर पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने बताया की 25 नवंबर को थाना प्रभारी मीणा पुलिस टीम के साथ लाडपुरा चौराहा क्षेत्र में लोकल व स्पेशल एक्ट के तहत गश्त कर रहे थे। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के कांस्टेबल मनेंद्र सिंह ने सूचना दी कि एक पिकअप बेगूं से मांडलगढ़ की ओर आ रही है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा भरा हुआ है।

सूचना पर पुलिस टीम तुरंत श्यामगढ़ टहला रोड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के पास नाकाबंदी के लिए पहुंच गई। कुछ देर बाद नाथूरामजी का खेड़ा की ओर से तेज रफ्तार में पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन को तेजी से भगाते हुए स्टॉप स्टिक के ऊपर से ले गया, जिससे पिकअप के दोनों आगे के टायर फट गए।

वाहन क्षतिग्रस्त होने के बाद चालक व साथ में मौजूद व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें रखे 28 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 541 किलो 100 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 53 लाख रुपए है।

पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# राज्यपाल बोले संविधान ने दी अभिव्यक्ति की आज़ादी, पर अपशब्दों का अधिकार नहीं

## एमडीएस विश्वविद्यालय में संविधान दिवस समारोह, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का संबोधन

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**



संविधान दिवस पर एमडीएस विश्वविद्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जरूर दी है, लेकिन यह स्वतंत्रता किसी के लिए अपशब्द बोलने या अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में भाषा संयम और संवाद की मर्यादा सबसे बड़ी शक्ति है।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल बागड़े को विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, कुलसचिव कैलाश चंद शर्मा और जिला प्रशासन ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने सबसे पहले संविधान पार्क का अवलोकन किया, उसके बाद परिसर स्थित सरस्वती मंदिर में दर्शन किए।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने संविधान की उपयोगिता, उसकी निर्माण प्रक्रिया और इसके निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक महत्वपूर्ण अधिकार है, लेकिन इसे अपमानजनक व्यवहार का माध्यम बनाना संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने अंबेडकर के संविधान निर्माण समिति में चयन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का भी वर्णन किया।राज्यपाल बागड़े ने कहा कि संविधान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे अंगीकृत करने पर जोर दिया गया है अर्थात् हम भारतीय इसे दिल से स्वीकार करें और इसके प्रति गर्व की भावना विकसित करें। उन्होंने कहा कि किस तरह ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड मैकाले द्वारा भारतीय शिक्षा व्यवस्था को बदलकर संस्कृति को कमजोर करने का प्रयास किया गया था, उससे बाहर निकालकर अब संविधान ही देश को एकजुट रखने वाली शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिवर्ष संविधान दिवस समारोह की परंपरा शुरू करना इसी जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में कदम है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कश्मीर से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस तरह कश्मीर को भारत से अलग रखने की साजिश रची गई थी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसके विरोध में आंदोलन चलाया और कई वर्षों तक कश्मीर में तिरंगा फहराने की अनुमति तक नहीं थी। बाद में पहली बार डॉ. मनोहर जोशी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराया, जिसके साक्षी वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लावारिस बच्चों के अभिभावक बने कास्या पुलिसकर्मी, दो साल से संभाल रहे जिम्मेदारी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

कास्या पुलिस चौकी क्षेत्र के तिलस्वा गांव में पुलिस ने मानवता और सेवा भाव की मिसाल पेश की है। यहां पिछले दो वर्षों से पांच लावारिस बच्चों का संरक्षण, देखरेख और पालन-पोषण की जिम्मेदारी कास्या पुलिस खुद निभा रही है। कठिन पारिवारिक परिस्थितियों के चलते बेसहारा हुए इन बच्चों के लिए पुलिस अब अभिभावक की भूमिका निभा रही है। जानकारी के अनुसार तिलस्वा निवासी पदमा (20), प्रिया (10), राजाराम (8), हरिओम (6) और देवराज (4) के पिता बृजराज अत्यधिक शराब सेवन के आदी हैं, जबकि उनकी मां अन्यत्र विवाह कर चली गई। इस कारण पांचों बच्चे गांव में लावारिस हालत में भटकते रहते थे। स्थिति की जानकारी मिलने पर बीट प्रभारी कांस्टेबल हेमाराम ने तुरंत कास्या चौकी प्रभारी एएसआई नरेश सुखवाल को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने बच्चों की पूरी जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली।

पिछले दो वर्षों से पुलिस इन बच्चों के भोजन-पानी, पहनावे, साफ-सफाई, बाल कटिंग और दैनिक जरूरतों की नियमित व्यवस्था कर रही है। साथ ही इन बच्चों के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज़ों के अभाव में शिक्षा बाधित होने की समस्या को देखते हुए एएसआई नरेश सुखवाल ने ग्राम विकास अधिकारी छुट्टन शर्मा से समन्वय कर दस्तावेज़ जल्द तैयार करवाने और स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।कास्या पुलिस की इस मानवतावादी पहल ने क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस की इस सेवा भावना, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी निभाने के जज्बे की सराहना करते हुए उनकी हौसला-अफ़जाई की है।

CMYK

# यातायात पुलिस ने दो निजी बसें जप्त की, नंबर प्लेट की गड़बड़ी का खुलासा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

यातायात पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत दो निजी बसों को जप्त किया, जिनमें एक ही नंबर प्लेट का उपयोग किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को सूचना मिली कि बस चालक द्वारा एक बस की नंबर प्लेट हटाकर दूसरी बस पर लगाई जा रही है। साथ ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बस नंबर आर.जे.06 पी.ए. 4007 और आर.जे.06 पी.ए. 4001 को रोका गया। वाहन चालकों से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके चलते दोनों बसों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जप्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच में किसी की संलिप्तता सामने आने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी से लौटते समय दर्दनाक सड़क हादसा, दो युवकों की मौत


मुकेश


गौतम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शादी समारोह से लौट रहे मां-बेटे और डीजे बजाने जा रहे दो युवकों की बाइक आमने-सामने टकराने से दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार में हुई सीधी भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि मां सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

हादसा थाना क्षेत्र के बांसा का खेड़ा चौराहे पर हुआ। जानकारी के अनुसार बड़लियास थाना क्षेत्र के कंवलियास निवासी सीमा (45) पत्नी रतनलाल शर्मा अपने बेटे गौतम शर्मा (24) के साथ बरण गांव में रिश्तेदारी में हुए शादी समारोह से लौट रही थीं। दोनों मोटरसाइकिल पर घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक पर खेडलिया निवासी कालू प्रजापत और मुकेश माली भीलवाड़ा पुलिस लाइन क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में डीजे बजाने के लिए जा रहे थे। बांसा का खेड़ा चौराहे पर पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइकों के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को भीलवाड़ा महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों बाइक चालकों गौतम शर्मा और मुकेश माली को मृत घोषित कर दिया।

हादसे में घायल कालू प्रजापत और गौतम की मां सीमा शर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों का महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोरः संदर्भ अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद।**

शिक्षा विभाग द्वारा शाला संबलन ऐप में नए प्रश्न और टिकट जोड़कर निरीक्षण प्रणाली को और मजबूत बनाया गया है। इसी क्रम में विद्यालयों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति जानने के उद्देश्य से नियमित औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को सीबीईओ कार्यालय से संदर्भ अधिकारी सत्यनारायण पटवारी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जोर का खेड़ा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पटवारी ने शैक्षणिक गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की जांच की। साथ ही एमडीएम व्यवस्था, विद्यालय की स्वच्छता, भौतिक ढांचा एवं रिकॉर्ड की भी विस्तृत समीक्षा की।

संदर्भ अधिकारी ने विद्यालय को सकारात्मक संबलन प्रदान करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला संबलन ऐप एक महत्वपूर्ण प्रणाली है, जिसके आधार पर विद्यालयों के लर्निंग आउटकम और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता सैनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कांग्रेस के कुशासन में विकास रुका, भाजपा ने बहाई विकास की गंगा : मीणा

## संविधान दिवस पर कोटड़ी पंचायत समिति की साधारण सभा आयोजित, प्रतिमा अनावरण और करोड़ों के कार्यों का लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरना**



संविधान दिवस के अवसर पर कोटड़ी पंचायत समिति में आयोजित साधारण सभा में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन के दौरान क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया था, लेकिन पिछले दो वर्षों में भाजपा सरकार ने विकास की गंगा बहाकर जनता को वास्तविक राहत देने का काम किया है। मीणा ने कहा कि आशान्वित ब्लॉक के रूप में चिन्हित होने के बाद कोटड़ी अब अग्रणी ब्लॉक की श्रेणी में जगह बना चुका है। भाजपा सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आधार बनाकर गरीब और आमजन के कल्याण के लिए योजनाओं को मजबूती से लागू किया है। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि कोटड़ी पंचायत समिति में किए जा रहे नवाचार पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण बन रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा शासन में पारदर्शिता की नई परंपरा स्थापित हुई है, और दो वर्षों में किसी प्रकार की पेपर लीक की घटना नहीं हुई, जबकि कांग्रेस काल में यह आम बात थी। उन्होंने कहा कि नई पंचायतों के गठन से विकास की गति और बढ़ेगी।

प्रधान करण सिंह बेलवा ने बताया कि कांग्रेस शासन में कोटड़ी प्रदेश के सबसे पिछड़े ब्लॉकों में गिना जाता था, लेकिन नवाचारों के कारण अब यह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। कोटड़ी ने आशान्वित ब्लॉकों की सूची में 468 से छलांग लगाकर देश में 11वां स्थान हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर केंद्र सरकार ने ब्लॉक को दो बार 1.5 करोड़ रुपए और प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान के लिए 1 करोड़ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया।

बैठक की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन और संविधान पालन की शपथ के साथ हुई। साधारण सभा के बाद पंचायत समिति परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का विधि-विधान से अनावरण किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक गोपाल खंडेलवाल, विधायक गोपीचंद मीणा, उपजिला प्रमुख शंकर गुर्जर, प्रधान करण सिंह बेलवा, उपप्रधान कैलाश सुथार सहित जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने पंचायत समिति परिसर में आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से नवाचारों की जानकारी दी और कोटड़ी को कचरा मुक्त बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही सरकार की योजनाओं के पात्रता दस्तावेजों की जानकारी भी दी।

### करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण

प्रतिमा अनावरण के बाद पंचायत समिति परिसर और क्षेत्र में सीसी सड़क, आवास निर्माण, विद्यालयों में पेवर ब्लॉक, भवन निर्माण कार्य तथा तेलीखेड़ा में पेयजल ट्यूबवेल समेत करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

# संविधान दिवस पर उपभोक्ता कल्याण समिति ने किया न्यायिक अधिकारियों का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान द्वारा बुधवार को न्यायालय परिसर, में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति पदाधिकारियों ने न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात कर संविधान दिवस पर चर्चा की और संविधान की प्रस्तावना का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया।

समिति ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभय जैन का अभिनंदन किया। इसी क्रम में अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल भार्गव तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगेंद्र सिंह को भी संविधान की प्रस्तावना का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के संरक्षक एडवोकेट राजेंद्र कचोलिया ने किया। चर्चा के दौरान माननीय अभय जैन ने कहा कि 'भारतीय संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है।' उन्होंने नागरिकों द्वारा संविधान की भावना को समझने और जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने लोक अदालतों को विवाद निस्तारण का सशक्त माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया। सचिव डीएलएसए विशाल भार्गव ने जन उपयोगी समस्याओं के समाधान हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं और 90 दिवसीय जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन एवं प्रदेश महामंत्री एडवोकेट जितेंद्र मारू ने भी समिति की गतिविधियों और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष राजेश शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

# कारीगरों की प्रतिभा को मिला मंचः भीलवाड़ा मेगा हस्तशिल्प मेला शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



एमएसएमई मंत्रालय के रैंप कार्यक्रम के तहत नैबकॉन्स द्वारा आयोजित भीलवाड़ा हस्तशिल्प मेले शुभारंभ ग्रामीण हाट परिसर में विधायक अशोक कोठारी व जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने किया। दोनों ने विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों के स्टॉलों का अवलोकन किया।

विधायक कोठारी ने स्थानीय कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मेले कारीगरों की आय, पहचान और कौशल को बढ़ावा देते हैं। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक कमलेश मीणा ने हस्तशिल्प मेलों के महत्व और सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

सात दिवसीय मेले में बनारसी व कोटा डोरिया साड़ियाँ, कश्मीरी शॉल, मिर्जापुर कालीनें, लकड़ी की क्राफ्ट आइटम, हर्बल उत्पाद, बंधनी, ब्लॉक प्रिंट, टेराकोटा कला और हस्तनिर्मित ज्वेलरी सहित कई पारंपरिक उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

नैबकॉन्स के प्रतिनिधि अजय मेनारिया ने बताया कि रैंप कार्यक्रम ग्रामीण उद्यमिता व एमएसएमई को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है। इवेंट कोऑर्डिनेटर अमरेश सिंह ने कहा कि मेला कारीगरों को राष्ट्रीय मंच और अपने कौशल को आगे बढ़ाने का बड़ा अवसर प्रदान करता है।

# संगम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठीः युवाओं को संविधान के संरक्षक बनने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



संविधान दिवस के अवसर पर संगम विश्वविद्यालय में युवाओं के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारत 2047 का संविधानः चुनौतियाँ और संभावनाएँ विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ पर संगीत विभाग के छात्रों द्वारा वंदे मातरम् की प्रस्तुति के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि जस्टिस अभय जैन ने युवाओं को संविधान के संरक्षक बनने और लिबर्टी विद रेस्पॉन्सिबिलिटी के सिद्धांत पर चलने का आह्वान किया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश विशाल भार्गव ने लोक कल्याणकारी राज्य स्थापित करने में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया, जबकि मुख्य न्यायिक न्यायाधीश नगेन्द्र सिंह ने संविधान की विकास यात्रा और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने न्यायिक व्यवस्था के आधुनिकीकरण और कानून को आमजन तक पहुँचाने पर बल दिया। तकनीकी सत्र में कुल 34 प्रतिभागियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिसमें अभिनव जैन प्रथम, प्रिंस प्रजापत द्वितीय और गुंजन जोशी तृतीय स्थान पर रहे। संगोष्ठी के समापन सत्र में प्रतिकुलपति प्रो. मानस रंजन पाणिग्राही ने जियो और जीने दो को संविधान की मूल भावना बताया। कार्यक्रम में हिन्दी दिवस विजेताओं का सम्मान और चित्रकला विभाग की आर्ट गैलरी प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।






QUICK BITES

## विमुक्त एवं घुमन्तु समुदाय के लिए दो दिवसीय उन्नत मुर्गीपालन प्रशिक्षण संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



कृषि विज्ञान केन्द्र, भीलवाड़ा में ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था, अजमेर के सहयोग से विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के लिए दो दिवसीय उन्नत मुर्गीपालन प्रशिक्षण 24-25 नवम्बर को आयोजित किया गया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी. एम. यादव ने मुर्गीपालन का महत्व, नस्ल चयन, आवास एवं स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी देते हुए इसे आजीविका और पोषण सुधार का प्रभावी साधन बताया। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. ए. एल. बुगालिया ने बकरीपालन की उपयोगिता, प्रमुख नस्लें, स्वास्थ्य प्रबंधन तथा अंडा देने वाली मुर्गियों की पहचान व इन्क्यूबेटर तकनीक पर प्रशिक्षण दिया।

संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक सुमन्त बैप्टिस्ट ने बताया कि संस्था सिलिकोसिस प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। परियोजना समन्वयक जितेन्द्र सिंह के अनुसार प्रशिक्षण में बिजौलियाँ उपखण्ड के रामपुरिया, किशनपुरिया और चिताबड़ा गाँव के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## संविधान दिवस पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, 6 दिसंबर को होगा रक्तदान शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवारी।** भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकार किए जाने की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को अंबेडकर विचार मंच द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। मीणा समाज छात्रावास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवा वर्ग ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक का गौरव है, जिसने सभी को समान अधिकार, स्वतंत्रता, न्याय और कर्तव्यों की स्पष्ट व्यवस्था दी है। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन कर देश के प्रति जिम्मेदारी निभाना प्रत्येक भारतीय का दायित्व है। युवाओ ने इस बात पर भी जोर दिया कि संविधान की जानकारी हर नागरिक तक पहुंचनी चाहिए। कार्यक्रम में विजपाल रैगर, बालू भील, मनराज मीणा, जयकिशन भील, कजोड़ मेघवंशी, अमन भील, मुकेश मीणा, मांगीलाल, अरविंद, फोरू लाल और रतनलाल सहित कई युवा उपस्थित रहे।

अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष किशन कुमार खटीक ने बताया कि मंच द्वारा आने वाले 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष में पांचवां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

पैर पसारता अतिक्रमण और सिकुड़ता शहर ....

# निगम, न्यास, प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पड़ रही भारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

(राजेश जीनगर)









शहर के विभिन्न चौराहों पर पैर पसारते अतिक्रमण ने सड़कों को सिकुड़ने पर मजबूर कर दिया है तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सरकारी विभागों के जिम्मेदारों की उदासीनता शहरवासियों पर भारी पड़ रही है। अतिक्रमण से कोई भी चौराहा अछुता नहीं रह गया है। शहर का सबसे व्यस्ततम मार्केट आजाद चौक, अजमेर तिराहा, रोडवेज डिपो, श्री गेस्ट चौराहा, सांगानेरी गेट चौराहा, अहिंसा सर्किल, बड़ला चौराहा, कोतवाली चौराहा, बादल टाकीज से प्रतापनगर थाने तक पुर रोड के हालात अपनी अनदेखी की कहानी बयां कर रहें हैं की आखिर बढ़ते अतिक्रमण को किसका संरक्षण और क्यों ?

नगर विकास न्यास एवं नगर निगम अतिक्रमण हटाओ अभियान भी शुरू करती है और उक्त चौराहों से सैकड़ों बार अतिक्रमियों को खदेड़ा भी है, लेकिन ठोस और प्रभावी ढंग से कार्यवाही नहीं होने के चलते कुछ घंटों बाद ही हालात ज्यों के त्यों हो जाते हैं। अजमेर तिराहे की बात करें तो मुख्य सड़क तक पोहे, कचोरी, फल फ्रुट के हाथ ठेले वालों का कब्जा है, जिसके चलते रोडवेज बसो, ट्रावेल्स और टेक्सीयों को बीच रोड पर खड़ा होना पड़ता है और अक्सर जाम के हालात बने रहते हैं, लेकिन हाथ ठेले वाले 'टस से मस' नहीं होते। जबकि रोड़वेज डिपो के बाहर तो हालात और भयावह है, बैतरतीब रोड को अवरूद्ध किए हुए खड़े ऑटो, केबिनें, फल फ्रुट के ठेले राह में रोड़े से कम नहीं है। श्री गेस्ट हाउस चौराहे की बात करें तो यहां काबिज अतिक्रमियों ने चौराहे के हालात बद्तर कर दिए हैं, कहीं से चौपहिया वाहन लेकर निकलने की राह नजर नहीं आती तो फूले सर्कल भी चाय नाश्ते के ठेलों के कारण पुरी तरह से अतिक्रमण की जद में हैं। बीच सड़क तक खड़े दुपहिया वाहनों के बीच से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं और जरा सा अड़ जाए झगड़े तक की नौबत आ जाती है। ऐसे ही हालात दिनभर सांगानेरी गेट के बने रहते हैं, जहां सोन्दर्यकरण के लिए बनाए गए सर्कल अतिक्रमण के चलते नजर तक नहीं आते तो राहगीरों को भी यहां से गुजरने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह कोटा रोड स्थित अहिंसा सर्किल के हालात हैं, यहां संचालित कार बाजार, अवैध रूप से काबिज केबिने, चाय नाश्ते, सब्जियों के ठेलों ने चौराहे के सोन्दर्यकरण पर कालिख पोत रहे हैं। वहीं यहां अवैध गतिविधियों के चर्चे भी अक्सर सुनने को मिलते हैं। गांधी सागर तालाब किनारे से बड़ला चौराहा तक अतिक्रमियों के बुलंद होंसले तो प्रशासन को चुनौती दे रहें हैं तो बादल टाकीज से प्रतापनगर थाने तक पुर रोड के हालात के तो जैसे कोई धणी धोरी ही नहीं है और अतिक्रमण की मानो खुली छुट हो।

**जनप्रतिनिधि मौन क्यों, ये बड़ा सवाल...?**

जिला प्रशासन में तो प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति और फिर से फैरबदल और बदलाव एक सतत् प्रकिया है, लेकिन जनता द्वारा चुने स्थानीय जनप्रतिनिधियों का बढ़ते अतिक्रमण पर मौन बड़ा सवाल है की उनको शहर की सुध लेने और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और ध्यान क्यों नहीं जाता ? फिर चाहे वो सांसद हो, शहर विधायक हो, नगर निगम महापौर हो, पार्षदगण हो। आखिर अपने ही शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के प्रति ये गंभीर क्यों नहीं है, अधिकारियों को सख्ती से अतिक्रमण हटाने और आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाने को लेकर जवाबदेह क्यों नहीं है। वहीं दूसरी ओर बड़ा सवाल की बढ़ते अतिक्रमण को आखिर किसका संरक्षण है।

# मतदाता सूची डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य, शाहपुरा के ईआरओ सुनील मीणा होंगे सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी



भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा संचालित फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए विधानसभा क्षेत्र 181 शाहपुरा (अजा) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सुनील कुमार मीणा (आरएएस) को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की परिगणना अवधि के दौरान समस्त मतदान केंद्रों पर पंजीकृत मतदाताओं के डिजिटलीकरण कार्य को श्रेष्ठता, प्रतिबद्धता और अनुकरणीय दक्षता से पूरा करने पर दिया जा रहा है। निर्वाचन कार्यों में उनकी प्रतिबद्धता को राज्य स्तर पर सराहा गया है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन द्वारा सुनील मीणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि शाहपुरा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण भी है। चुनाव आयोग के अनुसार इस प्रकार की उत्कृष्ट कार्यशैली लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाती है। सुनील मीणा के इस प्रयासों से मतदाता सूची अधिक सटीक, विश्वसनीय और अपडेटेड बन सकी है।

# मांडलगढ़ में 27 बीएलओ को विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

विधानसभा क्षेत्र के 27 बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र समय से पूर्व ऑनलाइन कर मील का पत्थर स्थापित किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें निर्वाचन पंजीयन अधिकारी और उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र को ऑनलाइन करने की अंतिम तारीख 4 दिसंबर निर्धारित की गई थी। हालांकि, मांडलगढ़ क्षेत्र के 27 बीएलओ ने इस लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर दिया।

उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि बीएलओ की प्रतिबद्धता और ईमानदारी का परिचायक है। उन्होंने सभी 27 बीएलओ की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में निर्वाचन पंजीयन अधिकारी ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की और कहा कि यह प्रयास चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता




और दक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की स्थिति, लाभान्वयन, लंबित कार्यों और आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर संधू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों की गति को तेज किया जाए और योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुँचाया जाए। संधू ने ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने, नियमित फील्ड विज़िट सुनिश्चित करने और प्रस्तावित कार्यों के विस्तृत प्रस्ताव समय पर भेजने पर जोर दिया, ताकि स्वीकृति और संसाधन आवंटन में देरी न हो। बैठक के दौरान योजना-वार प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना तय की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार सभी योजनाएं गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर प्रभावी रूप से लागू होनी चाहिए, ताकि जन अपेक्षाओं के अनुरूप परिणाम मिल सकें।

**सीईओ चन्द्रभान सिंह भाटी का हुआ सम्मान**

जल संचय जनभागीदारी योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला कलेक्टर ने जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। भीलवाड़ा जिले ने जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिले ने राजस्थान में प्रथम स्थान और देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए 18 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू का सम्मान किया गया।

बैठक में जिला परिषद सीईओ चन्द्रभान सिंह भाटी, अतिरिक्त सीईओ मधुसूदन रत्नू, अधिशासी अभियंता नरेगा गोपाल टेलर, अधिशासी अभियंता रामलाल भील सहित सभी पंचायत समितियों के विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री संकट हरण हनुमत धाम शक्करगढ़ में प्रथम निर्वाण महोत्सव का शुभारंभ, भागवत कथा ने बांधा भक्ति का समा





भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

श्री संकट हरण हनुमत धाम एवं श्री संकटमोचन आदर्श गोशाला परिसर में प्रथम निर्वाण महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को भक्ति और श्रद्धा के माहौल में हुआ। परमादर्श महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज ने व्यासपीठ पर आरूढ़ होकर श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस में भक्तों को श्रीकृष्ण महापुराण के दिव्य ज्ञान से अभिभूत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण, गुरु वंदना और भागवत स्वरूप के पूजन के साथ हुई। स्वामी पुरी ने भागवत के महात्म्य, मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य, व्यासजी के शोक, राजा परीक्षित को मिले श्राप और मृत्यु के सात दिन शेष रहने पर शुकदेवजी के आगमन जैसे प्रसंगों का सरल व हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत श्रवण मन को निर्मल करने वाला अमृत है, जो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है।

कथा के दौरान दिव्य संतों का आगमन विशेष आकर्षण रहा। हरिद्वार के निर्वाणपीठाधीश्वर स्वामी विशोकानन्द भारती महाराज, स्वामी आनन्द चैतन्य सरस्वती और काशी के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणव चैतन्यपुरी महाराज ने उपस्थित होकर भक्तों को आशीष प्रदान किया। संतों ने सत्संग, भक्ति, करुणा, मन की शुद्धि और जीवन में आध्यात्मिक प्रकाश जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

महोत्सव स्थल पर वृंदावन के विद्वान पंडितों द्वारा मुकेश अवस्थी के निर्देशन में श्रीमद् भागवत का मूल पाठ परंपरागत विधि-विधान से किया जा रहा है। मधुर स्वर और शुद्ध उच्चारण से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। श्रद्धालुओं ने बताया कि परिसर में व्याप्त शांति और भक्तिमय वातावरण अलौकिक अनुभूति करवा रहा है।

महोत्सव के अंतर्गत रात्रि 8 बजे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि बुद्धिप्रकाश दाधीच की संगीत काव्य प्रस्तुति श्रीबुद्धिप्रकाशम् का भव्य आयोजन हुआ।

# माल का खेड़ा में वॉटरशेड महोत्सव आयोजित, जल संरक्षण को मिली नई गति

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत मालकाखेड़ा में वॉटरशेड महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और सामुदायिक भागीदारी को मुख्य केन्द्र में रखते हुए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

महोत्सव के मुख्य अतिथि प्रशासक प्रतिनिधि रामलाल बलाई रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में ग्राम विकास अधिकारी रवि पालीवाल, उंकारलाल बलाई, सुरेंद्र सिंह, कनिष्ठ सहायक रामकिशन गुर्जर, राजीविका क्लस्टर प्रभारी रिंकू मीणा, मुकुटबिहारी और वेदप्रकाश मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलग्रहण विभाग के सहायक अभियंता देशराज सैनी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अर्पण सेवा संस्थान उदयपुर के हरिओम सिंह परमार द्वारा किया गया। इसके बाद जय मेवाड़ राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति, श्यामपुरा की महिलाओं ने रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया और प्रभात फेरी निकाली।

जनप्रतिनिधियों, राजीविका सदस्यों एवं ग्रामीण महिलाओं ने साई पीपला चारागाह विकास स्थल पर पौधारोपण और श्रमदान कर प्राकृतिक संसाधन संरक्षण का संदेश दिया।

महोत्सव के दौरान जलग्रहण विभाग ने 12 नए विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 116 कार्यों का लोकार्पण किया। तालाब की पाल पर सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की सामूहिक शपथ ली।

सहायक अभियंता देशराज सैनी ने जलग्रहण के पंचसूत्र जल, जंगल, जमीन, जानवर और जनमानस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महोत्सव को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मान स्वरूप पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण की पहलः छात्रों को निःशुल्क कानूनी सहायता और संविधान शिक्षा से अवगत कराया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



संविधान दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति ने आचार्य विद्यासागर पब्लिक स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न अधिवक्ताओं ने विद्यार्थियों को संविधान का महत्व, इसकी आवश्यकता और मूल संरचना से अवगत कराया।

विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। अधिवक्ता नरेश तंवर ने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित जोशी ने संविधान की प्रस्तावना और उसमें प्रयुक्त शब्दों के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता हर्षवर्धन शर्मा ने अंग्रेजी में संविधान के मूल ढांचे का परिचय दिया। वहीं, अधिवक्ता दिनेश सेठिया और सुनील सोनी ने संविधान के अनुरूप व्यवहार करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। साथ ही, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीब और कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने की जानकारी भी साझा की।कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## QUICK BITES

### मॉडल स्कूल बनेड़ा में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



**परमेश्वर ।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में संविधान दिवस गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। संस्थाप्रधान भरत देव धाभाई ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, उसकी विशेषताएँ और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान की जानकारी दी। कार्यक्रम में भामाशाह दिव्यांका पारख, शिखा पारख और लोकेश पारख ने सभी विद्यार्थियों को स्टेशनरी व कलर किट वितरित की, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। गतिविधि प्रभारी शंकर लाल माली द्वारा प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा ने किया।

### मॉडल स्कूल में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल आसींद में संविधान दिवस हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत के निर्देशन में विद्यार्थियों के बीच निबंध, कविता, नाटक, स्लोगन प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं।

निबंध प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से अनीता साहू प्रथम, नीलम खटीक द्वितीय, ईश्वर कुमावत तृतीय रहे, जबकि सीनियर वर्ग में वेदांशी शर्मा प्रथम, डिंपल शर्मा द्वितीय, जानवी शर्मा तृतीय रहीं।

कविता पाठ में मोहित रेबारी ने सराहनीय प्रस्तुति दी। महावीर कुमावत ने संविधान के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। मोनिका गुर्जर ने भाषण दिया और कशिश साहू ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

इसके अलावा माहिरा कुमावत, चेष्टा माली, खुशी गुर्जर, लक्षिता फुलवारी, नेहा राठौर, हर्षिता शर्मा, मृत्युंजय गुर्जर, वैभव गुर्जर, मनोज रेगर, दिशांत परसोया, इशिका आदि विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम का संचालन नारायण सिंह किशनावत ने किया तथा उप प्रधानाचार्य डॉ. विकास टेलर ने वर्षभर संविधान पर आधारित गतिविधियाँ जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में रामस्वरूप जोशी, डॉ. विकास टेलर, किशोर कुमार भंसाली, महबूब अली, सुरेश चंद्र पुरोहित, सुमन कुमारी छापोला, दिनेश कुमार मीणा, सोराज मेघवंशी, ओमप्रकाश जाट, महावीर प्रसाद रेगर, नारायण सिंह कृष्णावत, संपत लाल जाट, देवेंद्र सिंह तंवर, रामलाल राव, नारायण बैरवा, सुनील सेन, अनिल सेन, टीना शर्मा, गीता गुर्जर सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्राथमिक विंग का निर्देशन धर्म मीणा, विजय कुमार वर्मा, प्रकाश चंद्र बलाई, प्रियंका कुमावत और आस्था जैन द्वारा किया गया।

### विधायक खंडेलवाल के 'विकास मॉडल' पर जनता की मुहरः बेरीसाल में सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार और विधायक गोपाल खंडेलवाल की निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा का जनाधार लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत सुखपुरा के बेरीसाल गांव में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी का दामन थाम लिया।

भाजपा का यह सदस्यता अभियान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा के निर्देशानुसार एवं भाजपा नेता जगदीश पुरी और मंडल महामंत्री मुकेश धाकड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों को भाजपा दुपट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

नए सदस्यों ने कहा कि विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा क्षेत्र में बिना भेदभाव के किए जा रहे विकास कार्य जनता के विश्वास को मजबूत कर रहे हैं। इसी विश्वास के आधार पर उन्होंने भाजपा के साथ जुड़ कर क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में गोपाल धाकड़, कैलाश धाकड़, मांगीलाल धाकड़, सुगनलाल धाकड़, नवीन धाकड़, हरिशंकर धाकड़, अशोक धाकड़ और पप्पू धाकड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।